## Regarding Business of the House

माननीय अध्यक्ष **:** माननीय सदस्यगण, रेल मंत्रालय के माननीय कैबिनेट मंत्री जी को राज्य सभा में जवाब देना है, इसलिए शून्य काल 12 बजे से साढ़े 12 बजे तक चलेगा । साढ़े 12 बजे के बाद कुछ देर माननीय मंत्री जी रुकेंगे, उसके बाद राज्य मंत्री जी रुकेंगे और राज्य सभा में जवाब देने के बाद वापस कैबिनेट मंत्री जी यहां पर आ जाएंगे । इसलिए आज शून्य काल में एक-एक मिनट में अपनी बात कहिए । ? (व्यवधान) आज अपनी बात एक-एक मिनट में समाप्त कर लीजिए और शून्य काल में दिए गए विषयों पर ही बोलें । अगर आपको विषय को परिवर्तन करना है तो चेयर को दें और चेयर अगर आपको सहमति देती है तो ही आप उस विषय को उठा सकते हैं ।

अब शून्य काल - प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ ।